आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार एकांश

दिनांक 11.07.2024 समय: 2.10 PM

**आयुर्विज्ञान कॉलेज सहायता**

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि आयुर्विज्ञान कॉलेज में परिवर्तित किए गए वर्तमान जिला और रेफरल अस्पतालों को केंद्र सरकार से आर्थिक सहायता मिलनी जारी रहेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्र ने इस मामले में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक पत्र लिखा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि फिलहाल एक सौ 57 आयुर्विज्ञान कॉलेजों में से एक सौ 8 कॉलेज पहले ही काम करना शुरू कर चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि जिला अस्पतालों को उन्नत करने और सशक्त बनाकर नए आयुर्विज्ञान कॉलेज खोलने के लिए केंद्र प्रायोजित योजना से वित्तीय समर्थन दिया जाता है। इसकी शुरूआत 2014 में की गई थी।

**विश्व जनसँख्या दिवस**

परिवार कल्याण साधनों के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं परिवार कल्याण साधनों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए आज जनसंख्या स्थिरता दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर स्वास्थ्य संस्थाओं में जागरूकता रैलियों, नवदम्पति परामर्श कार्यक्रमों, नई पहल किट की रिफिलिंग, सास बहु सम्मेलनों सहित विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इस वर्ष यह दिवस "विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपत्ति की शान" थीम पर मनाया जा रहा है। इसके साथ ही आज से विश्व जनसंख्या माह का शुभारंभ भी हो गया है , जो कि 11 अगस्त तक संचालित किया जाएगा। माह के दौरान जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से परिवार कल्याण कार्यक्रम में दंपत्तियों को सहभागिता के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**एक पेड़ माँ के नाम**

**छतरपुर** पुलिस द्वारा आज से एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया गया. छतरपुर के पुलिस लाइन परिसर में जिला पुलिस अधीक्षक आगम जैन एवं उनकी धर्मपत्नी ने वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया. उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से आग्रह किया कि वह सभी अपनी अपनी मां के नाम से एक पेड़ जरूर लगाए. उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने **मैहर** पुलिस लाइन में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होकर पौधा भी रोपा। **नर्मदापुरम** में सरस्वती शिशु मंदिर और रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में हर्बल पार्क में पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर सोनिया मीना ने स्कूली बच्चों के साथ अर्जुन और बरगद सहित अन्य पौधों का रोपण किया।

**फीस वापसी-जबलपुर**

जबलपुर प्रशासन ने शहर के 10 निजी स्कूलों को बढ़ाई गई फीस के 69 करोड़ रुपए अभिभावकों को लौटाने के आदेश जारी किए हैं। इसके लिए प्रशासन ने फॉर्मूला बनाया है। इसके लिए एक महीने का समय दिया गया है। जबलपुर प्रशासन ने 1 महीने पहले शहर के 11 स्कूलों के खिलाफ जांच शुरू की थी। इन स्कूलों ने 2018 से अब तक अभिभावकों से लगभग 70 करोड़ रुपये से ज्यादा की अवैध फीस वसूली की।

**व्यस्क बीसीजी टीकाकरण**

सतना जिला क्षय स्वास्थ्य समिति द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत केन्द्रीय जेल में टीकाकरण का शिविर का आयोजन किया गया। व्यस्क बीसीजी टीकाकरण के द्वितीय शिविर में केन्द्रीय जेल सतना में पात्र बंदियों को बीसीजी वैक्सीन लगाई गई। केन्द्रीय जेल के कल्याण अधिकारी अनिरूद्ध कुमार तिवारी ने बताया कि केन्द्रीय जेल में पहले सत्र में 1 हजार 337 बंदियों तथा द्वितीय सत्र 338 बंदियों सहित कुल 1 हजार 675 बंदियों को एडल्ट बीसीजी का टीका लगाया गया। अब जेल में सभी पात्र बंदियों को एडल्ट बीसीजी का टीका लग चुका है।

**विंबल□न**

विंबलडन टेनिस में, कजाख्स्तान की एलेना रायबाकिना आज शाम महिला सिंगल्स के सेमीफाइनल में चैक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिसिकोवा से खेलेंगी। एक अन्य सेमीफाइनल में इटली की जैस्मीन पाओलिनी का मुकाबला क्रोएशिया की डोना वेकिक से होगा । इससे पहले, नोवाक जोकोविच रिकॉर्ड 13वीं बार विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे, उन्हें ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को चोट लगने के कारण वाक ओवर मिला।

**मौसम**

प्रदेश में मानसून की गतिविधियां तेज हो गई है। रीवा-सीधी में आज भारी बारिश होने का अनुमान है। अगले 24 घंटे में यहां 4 इंच से ज्यादा पानी गिर सकता है। मौसम विभाग ने मऊगंज, सतना, मैहर, सिंगरौली, निवाड़ी, शिवपुरी, अशोकनगर, मुरैना में भी तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि अगले 4-5 दिन बरसात का सिलसिला जारी रहेगा। इससे पहले कल दमोह, भोपाल, ग्वालियर, छिंदवाड़ा, पचमढ़ी और शिवपुरी में बारिश हुई। दमोह में सवा इंच और भोपाल में आधा इंच से ज्यादा पानी गिरा।

**समाचार संक्षेप**

1. गुना में एसडीएम आरोन द्वारा एकीकृत शाला शासकीय हाई स्कूल सहरोक का आकस्मिक निरीक्षण किया और प्राचार्य सहित 4 शिक्षको क़ो कार्य से अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी किये गए.
2. आगरमालवा स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत बालक उत्कृष्ट तथा जूनियर बालिका छात्रावास के विद्यार्थियों को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक-मानसिक परिवर्तनों के बारे में बताया.

3. टीकमगढ के शासकीय मत्स्य बीच प्रक्षेत्र महेन्द्र बाग में मछुआ दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तकनीक के साथ समन्वित मछली पालन से जुडे के लिए मार्गदर्शन दिया गया।

-----------------

**इंट्रो( न्यूज़ री□र पढेगी)**

राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल अभ्यारण में इन दिनों घड़ियाल के अंडों से बच्चे निकल रहे हैं। ऐसे में बाहरी और नदी में हर तरह के खतरे से बचाने के लिए बुजुर्ग घड़ियाल अपने बच्चो की सुरक्षा को लेकर सतर्क नजर आ रहे है। वे अपने नवजात बच्चों को झुंड में रखकर जल मे रहने के गुर भी सिखा रहे है।

नन्हें बच्चों की रखवाली के लिए बुजुर्ग घड़ियाल उनके आसपास रहते हैं। चंबल अभ्यारण में यह नजारा हेचिंग अंडों से बच्चे निकलने के समय के दौरान नदी में कई जगह देखने को मिल रहा है। वन्य जीव विशेसज्ञ डा. मनोज जैन ने बताया कि अंडों से निकलकर घड़ियाल के बच्चे शुरुआत में नदी का तेज बहाव बर्दाश्त नहीं कर पाते।

चंबल घड़ियाल अभ्यारण के एसडीओ भूरा रायकवाड़ ने बताया कि चंबल नदी किनारे पर 20 स्थानों पर नेस्टिंग है.

एक सर्वे के अनुसार चंबल नदी में घड़ियालों की संख्या 2 हजार 456 है। एक नेस्टिंग में मादा घड़ियाल 30-40 अंडे देती है। यानी 20 नेस्टिंग और देवरी घड़ियाल सेंटर की नेस्टिंग को मिलाकर 30 के औसत से अंडों से करीब 800 बच्चे निकलेंगे। इस तरह से चंबल अभ्यारण में इस बार घड़ियाल का कुनबा काफी बढ़ जाएगा।